# HISAR METAL INDUSTRIES LIMITED

**Regd. Off & Works: Near Industrial Development Colony, Hisar-125005 (HRY)**
**Phone: 01662-220067,220367,220738 Fax 01662-220265**
**Email :info@hisarmetal.com, Web www.hisarmetal.com**
**CIN No: L74899HR1990PLC030937**

**October 30, 2020**

Corporate Relationship Department
Bombay Stock Exchange
Phiroze Jeejeebhoy Towers
Dalal Street
Mumbai - 400 001
**Scrip Code: 590018**
**(Category: Permitted for Trade)**

Corporate Listing Department
National Stock Exchange of India Limited
Exchange Plaza, 5th Floor
Plot No. C-1, G Block
Bandra Kurla Complex, Bandra East
Mumbai – 400051
**Scrip Code: HISARMETAL**

**Sub: Newspaper Publication for Board Meeting to consider and approve unaudited financial results for the quarter and half year ended on September 30, 2020**

Dear Sir / Madam

Pursuant to our letter dated 29/10/2010 regarding meeting of board of Directors of the company to be held on Tuesday, November 10 2020 to consider and take on record inter alia the unaudited Financial Results of the company for the quarter and half year ended 30th September, 2020 we hereby enclose copies of the notice published in "The Financial Express" ( English-Newspaper ) and "Jansatta" ( Hindi-Newspaper ) on 30/10/2020.

This is for your kind information and records.

Thanking You,

Yours faithfully,
For **Hisar Metal Industries Limited**

HISAR METAL IND. LTD. HISAR

(Vishesh Kumar Chugh)
**GM(Finance) & Company Secretary**

# मौतों का आंकड़ा 300 पार

## नहीं थम रहा कोरोना, 327 नए संक्रमित

शिमला, 29 अक्तूबर (जनसत्ता)।

प्रदेश में कोरोना संक्रमित मरीजों की मौतों का आंकड़ा 300 के पार चला गया है। प्रदेश के शिक्षामंत्री गोविंद सिंह ठाकुर और उनकी पत्नी समेत अब तक प्रदेश में 327 नए मामले सामने आए है। आज दूसरा दिन है जब लगातार कोरोना संक्रमण के 300 से ज्यादा मामले सामने आए हैं। इन 327 मामलों के साथ ही प्रदेश में अब तक कोरोना संक्रमण के 21476 मामले सामने आ चुके है। प्रदेश में कोरोना संक्रमण से अब तक 301 मौतें हो गई है।

स्वास्थ्य विभाग की ओर से जारी आंकड़ों के मुताबिक प्रदेश में बीती रात से लेकर अब तक कोरोना संक्रमण से छह मौतें हो चुकी है। इनमें से दो कुल्लू, दो मंडी में और एक-एक बिलासपुर और कांगड़ा में हुई है। कांगड़ा में कोरोना संक्रमित 26 साल की महिला ने दम तोड़ दिया है। उसे दिल की बीमारी के अलावा कोविड न्यूमोनिया भी हो गया। बिलासपुर के एक 58 साल के व्यक्ति की मौत मंडी में हुई है। जबकि कुल्लू में 72 व 76 साल के दो बुजुर्गो ने दम तोड़ दिया। दोनों की मौत दिल की गति रुकने से हुई है। जबकि मंडी में 64 व 30 साल के दो मरीजों ने दम तोड़ा है। बीती रात से लेकर अब तक मंडी में सबसे ज्यादा 73 मामले सामने आए हैं जबकि शिमला में 60, कुल्लू में 55, लाहुल-स्पीति में 42, कांगड़ा में 34, बिलासपुर में 14, चबा में13, सोलन में 11, हमीरपुर में 8, सिरमौर में 7, ऊना में 6 और किन्नौर में 4 मामले सामने आए हैं। प्रदेश में सक्रिय मामलों का आंकड़ा 2768 तक पहुंच गया है।

उधर, लाहुल स्पीति के रंगरीक नामक गांव से एक ही दिन में 40 मामले कोरोना संक्रमण के सामने आए है। लगभग 600 की आबादी वाले इस गांव में इतने साथ कोरोना के मामले आने के बाद यहां सामुदायिक प्रसार की आशंका जताई जा रही है।

### अब शिक्षामंत्री पॉजीटिव

जय राम मंत्रिमंडल में शिक्षा मंत्री गोविंद सिंह ठाकुर कोरोना संक्रमित पाए गए है। वह अपने घर पर एकांतवास में चले गए है। उन्होंने आज गुरुवार को मनाली में अपने स्टाफ समेत कोरोना टेस्ट कराया था जिसमें वह पॉजीटिव पाए गए। शिक्षा मंत्री ने इस बावत टविटर पर खुद जानकारी देते हुए कहा कि वह बीते दिनों किसी कोरोना पॉजीटिव व्यक्ति के संपर्क में आए थे। उन्होंने टेस्ट करवाया तो वह भी पॉजीटिव पाए गए है। उन्होंने कहा कि वह पूरी तरह से ठीक है और डाक्टरों की सलाह पर घर पर एंकातवास में चले गए है।

याद रहे बीते दिनों मंत्रिमंडल की हुई बैठक में वह भी शरीक हुए थे। इसके अलावा बीते रोज उन्होंने जियो टीवी के तीन चैनलों का उदघाटन किया था। अब स्वास्थ्य विभाग उनके तमाम संपर्कों को खोजने में लगा है। सरकार के इस मंत्री के संक्रमित आने के बाद अब मंत्रिमंडल समेत कई बड़े अधिकारियों पर कोरोना का संकट मंडरा गया है। इससे पहले मुख्यमंत्री जय राम ठाकुर समेत मंत्रिमंडल के पचास फीसद मंत्री कोरोना पॉजीटिव पाए जा चुके है। मंत्रिमंडल में सबसे ताकतवर मंत्री महेंद्र सिंह ठाकुर, ऊर्जा मंत्री सुखराम चौधरी, जनजातीय विकास मंत्री रामलाल मारकंडा, शहरी विकास मंत्री सुरेश भारद्वाज कोरोना पॉजीटिव आ चुके है।

# उच्च मार्गों को गड्ढा मुक्त बनाना सुनिश्चित करें लोनिवि, एनएचएआइ: जय राम

## निश्चित अवधि में काम पूरा करने के दिए निर्देश

शिमला, 29 अक्तूबर (जनसत्ता)।

मुख्यमंत्री जय राम ठाकुर ने लोक निर्माण विभाग और भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधिकारियों को निर्देश दिये कि राज्य में यात्रियों की सुविधा के लिए राज्य की जीवन रेखा उच्च मार्गों को गड्ढामुक्त बनाना सुनिश्चित करें। वह आज गुरुवार को यहां लोनिवि और एनएचएआइ के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ आयोजित बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे।

इसके अलावा उन्होंने 15 नवम्बर तक बालूगंज-ब्रह्मपुखर-घाघस के बीच रा.राजमार्ग को गड्ढामुक्त बनाने के निर्देश दिए। सर्दियों के मौसम को ध्यान में रखते हुए उन्होंने अधिकारियों को नेरचैक से कुल्लू तक पैचवर्क करने के निर्देश दिये।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में सभी फोरलेन परियोजनाओं को निर्धारित समयावधि के भीतर पूरा किया जाना चाहिए ताकि राज्य को बेहतर सम्पर्क प्रदान करने के अलावा लागत वृद्धि से बचा जा सके। उन्होंने कहा कि परवाणू-सोलन फोरलेन परियोजना को अगले साल 31 मार्च तक पूरा किया जाना चाहिए जबकि कीरतपुर-नेरचैक फोरलेन सड़क को 31 मई तक और टकोली-कुल्लू को अगले साल 31 सितंबर तक पूरा किया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि अगले साल के अंत तक कालका-शिमला फोरलेन परियोजना के तहत सोलन-कैथलीघाट के कार्य को पूर्ण करने का लक्ष्य निर्धारित किया जाए।

उन्होंने कहा कि जोगिंद्रनगर-पठानकोट, बद्दी-नालागढ़ और पिंजौर-नालागढ़ सड़क के उन्नयन कार्य को निर्धारित अवधि के भीतर पूरा किया जाना चाहिए। जिन परियोजनाओं का 3डी कार्य पूरा हो चुका है उनका 3जी सर्वेक्षण किया जाना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि कैथलीघाट-ढली फोरलेन परियोजना का मुद्दा शीघ्र सुलझाया जाना चाहिए। कुछ विद्युत टावरों के अलावा 17 ढांचों को इस क्षेत्र से हटाने जाने की आवश्यकता है।

उन्होंने लोनिवि के अधिकारियों को सोलन-कैथलीघाट क्षेत्र पर उपयुक्त डंपिंग स्थलों को चिन्हित करने के निर्दश दिए ताकि कार्यकारी एजेंसियों को सुविधा प्रदान की जा सके। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को इस क्षेत्र से 13 बिजली टावरों को स्थानांतरित करने के भी निर्देश दिए।

उन्होंने वन मंजूरियों के कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने को कहा ताकि इन सभी परियोजनाओं के कार्य में विलम्ब न हो। उन्होंने इन फोरलेन को ग्रीन हाईवे बनाने के लिए सड़क के किनारे पौधे लगाने की आवश्यकता पर भी बल दिया। उन्होंने मनाली में ब्यास नदी पर पुल के निर्माण में देरी पर चिंता व्यक्त की जिससे पर्यटकों व स्थानीय लोगों को असुविधा हो रही है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिये।

एनएचएआइ के क्षेत्रीय अधिकारी गुरसेवक सिंह सांघा ने राज्य में सभी चार फोरलेन परियोजनाओं को समयबद्ध पूरा करने के बारे में मुख्यमंत्री को आश्वासन दिया।

# कुमारसेन में ट्रक-कार में भिड़ंत एक की मौत, तीन जख्मी

शिमला, 29 अक्तूबर (जनसत्ता)।



जिले के कुमारसेन के पास ट्रक व कार में भयंकर भिड़ंत होने पर एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई जबकि तीन बुरी तरह से घायल हुए है। इनमें मृतक की दो बेटियां भी शामिल है।

पुलिस के मुताबिक यह हादसा सुबह साढ़े नौ बजे के करीब हुआ। एक ट्रक एचपी 63इ-5200 नारकंडा से बीटल की ओर आ रहा था। चिला मोड़ पर पहुंचने पर एक आल्टो कार नंबर एचपी32ए-3401 सैज की ओर से बहुत रफ्तार से आ रही थी। उसने वहां पर दूसरी गाड़ी को तेजी से ओवरटेक किया। आल्टो कार को तेजी से आता देख ट्रक चालक ने ट्रक रोक दिया। लेकिन सामने से कार इतनी तेजी से आई की वह ट्रक से भिड़ गई और उसके बाद उसका मुंह पहाड़ी की ओर मुड़ गया व वह पहाड़ी से भी टकरा गई।

इस हादसे में मंडी के थुनाग के गांव सांगलबाड़ा का चालक नारायण सिंह बुरी तरह से जख्मी हो गया लेकिन इसी गांव के 41 साल के यशवंत की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे में कार बैठी यशवंत की 16 व 14 साल की दो बेटियां बुरी तरह से घायल हुई है।

डीएसपी रामपुर अभिमन्यु वर्मा ने कहा कि हादसा कार चालक की लापरवाही व तेज रफ्तारी की वजह से हुआ है। मामले की छानबीन की जा रही है।

# 'विवाहित बेटी को भी दी जाए करुणामूलक आधार पर नौकरी'

## हाई कोर्ट का जय राम सरकार को आदेश

शिमला, 29 अक्तूबर (जनसत्ता)।

प्रदेश हाई कोर्ट ने सरकारी नौकरी के दौरान जिन कर्मचारियों का देहांत हो गया है, उनकी विवाहित बेटी को भी करुणामूलक आधार पर नौकरी देने के लिए जय राम सरकार को आदेश दिए है। अदालत ने कहा कि करुणामूलक रोजगार नीति के प्रावधानों में उदार बदलाव लाने के जरूरत है। अदालत ने एक दिवंगत कर्मचारी की बेटी की ओर से इस बावत दायर याचिका को मंजूर करते हुए सरकार को आदेश दिए कि अगर याचिकाकर्ता करुणामूलक रोजगार नीति में दिए गए प्रावधानों के तहत पात्र है तो इसे रोजगार दिया जाए।

न्यायमूर्ति सुरेश्वर ठाकुर और न्यायमूर्ति चंदर भूषण बारोवालिया की खंडपीठ ने ये आदेश जारी किए। जिला आयुर्वेदिक कार्यालय कुल्लू में चतुर्थ श्रेणी के दिवंगत कर्मचारी की विवाहित बेटी ममता देवी की ओर से याचिका दायर की गई थी कि उसने करुणामूलक आधार पर नौकरी का आवेदन किया था। परिवार में वह, उसकी बहन व मां ही है। परिवार में कोई पुरूष नहीं है। उसकी बहन व



मां ने नौकरी करने से इंकार कर दिया है व इस बावत उनकी ओर से अनापत्ति प्रमाणपत्र भी दिया गया था। जिसे आवेदन के साथ जमा किया गया था। लेकिन विभाग ने उसे इस आधार पर खारिज कर दिया कि करुणामूलक आधार पर करुणामूलक रोजगार नीति के तहत दिवंगत कर्मचारी की विवाहित बेटी को नौकरी देने का कोई अधिकार नहीं है।

ममता ने अदालत से नीति में दिए इस प्रावधान को और उसे नौकरी न देने के आदेश को निरस्त करने का आग्रह किया था। इसके अलावा उसने सरकार को यह निर्देश देने का आग्रह किया था कि उसके नौकरी के आवेदन पर विचार किया जाए।

खंडपीठ ने कहा कि करुणामूलक आधार पर रोजगार देने का उददेश्य सामाजिक कल्याण ही नहीं बल्कि दिवंगत सरकारी कर्मचारी के परिवार की मदद करना भी है। विवाहित बेटी को नौकरी से बाहर रखने से सामाजिक कल्याण का असल उददेश्य ही खत्म हो जाता है। अगर विवाहित बेटे से कोई कानून की नजरों में करुणामूलक आधार पर नौकरी देने में कोई फर्क नहीं पड़ता तो विवाहित बेटी की वजह से भी कोई फर्क नहीं पड़ना चाहिए। विवाहित बेटे की तरह ही विवाहित बेटी का भी अधिकार बराबर रहता है। विवाहित बेटी को प्रावधानों में बाहर करने का कोई तार्किक आधार नहीं है।

## खबर कोना

### पुलिस ने पकड़ा चोरी का सामान, दो गिरफ्तार

कुल्लू, 29 अक्तूबर (जनसत्ता)।

कुल्लू पुलिस ने मंडी जिला के तीन व्यक्तियों से चोरी किए गए छह क्विंटल लोहा, गाडर, सात बैटरियां, छोटी-बडी बरगं लाल, नीली और दो कुर्सियां व कवाड लोहा पाईपें बरामद की। इस दौरान मौके पर से चालक अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया।

जानकारी के मुताबिक गुरुवार सुबह करीब तीन बजे मनाली से कुल्लू की ओर बलेरो जीप एचपी 65-6954 को पुलिस ने गैमन पुल के पास चौकिंग के रोका तो इसमें सवार चालक मौके से फरार हो गया। जीप में दो व्यक्ति अजय निवासी भयुली मंडी, मोहन सिह निवासी मंडी बैठे थे। अजय ने पुलिस को बताया कि लोहा कबाड, बैटरियां व पाईपें सहित सारा सामान सहयोगी जीप चालक भ्यूली निवासी संजय, राहुल, वलविंद्र, सूरज, विक्की, सुनील आदि ने मनाली के इलाके से चोरी किया है। पुलिस ने दोनों आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया गया है और अन्य आरोपितों की धरपकड़ जारी है।

### शव बरामद

धर्मशाला, 29 अक्तूबर (जनसत्ता)।

जवाली पुलिस ने पठानकोट-मंडी राष्ट्रीय राजमार्ग पर बत्तीस मील के पुल के बराहल खड्ड से गुरुवार को एक शव बरामद किया है। मृतक की पहचान त्रिलोकपुर गांव के निवासी राम प्रसाद के रूप में हुई है। सुबह कुछ लोगों ने वहां सड़क पर लावारिस एक स्कूटी और नीचे खड्ड में अर्धनग्न शव देखके बाद कोटला पुलिस चौकी को सूचित किया। तलाशी लेने पर उसकी जेब से मिले मोबाइल से पुलिस ने शव की शिनाख्त की। पोस्टमार्ट्म के बाद देह परिजनों को सौंप दी गई।

### जनवादी महिला समिति का प्रदर्शन

मंडी, 29 अक्तूबर (जनसत्ता)।

उत्तर प्रदेश के हाथरस की बेटी के साथ हुए सामूहिक दुष्कर्म व उसकी हत्या के आरोपियों को कड़ी से कड़ी सजा देने, उपायुक्त व एसपी की बर्खास्तगी और सरकार को बर्खास्तगी की मांग को लेकर गुरूवार को दलित शोषण मुक्ति मंच व जनवादी महिला समिति मंडी ने धरना प्रदर्शन किया। संगठन ने एक ज्ञापन भी उपायुक्त के माध्यम से इस मांग को लेकर भारत के राष्ट्रपति को भेजा।

### मिल्क चिलिंग प्लांट में छापेमारी

कुल्लू, 29 अक्तूबर (जनसत्ता)।

कुल्लू में दशहरा उत्सव के साथ आने वाले दिनों में दीपावली को लेकर लोगों का स्वास्थ्य खराब न हो इसके लिए लगातार मिठाई, ड्राई फ्रूट, दूध, दहीं, घी, पनीर के नमूने लिए जा रहे हैं। इसी कड़ी में गुरुवार को कुल्लू के मौहल में मिल्क चिलिंग प्लांट में छापेमारी की। इस दौरान दूध की गुणवत्ता को जांचने के लिए टीम ने 24 नमूने लिए गए हैं। जिन्हें लैब भेजा जाएगा इसमें किसी भी प्रकार की कोई खामियां पाए जाने पर स्वास्थ्य विभाग कड़ी कार्रवाई करता है।

# कांग्रेस ने आइजीएमसी को दिए स्वास्थ्य उपकरण दान

शिमला, 29 अक्तूबर (जनसत्ता)।

कांग्रेस पार्टी ने इंदिरा गांधी मेडिकल अस्पताल को कोविड-19 और अन्य बीमारियों को लेकर खरीदे गए स्वास्थ्य उपकरणों को दान कर राजनीतिक पार्टियों के लिए एक नया रास्ता खोल दिया है। अब तक राजनीतिक पार्टियां अस्पतालों को कम ही दान करती आई है। लेकिन प्रदेश कांग्रेस पार्टी ने ये एक नई पहल की है। संभवतः इस देखा देखी में बाकी राजनीतिक पार्टियां व अन्य संगठन इस तरह के कामों के लिए आगे आएंगे।

कांग्रेस अध्यक्ष कुलदीप सिंह राठौर ने आज गुरुवार को आइजीएसमी में जाकर प्रशासन को प्रदेश कांग्रेस कमेटी की ओर से कोविड 19 व अन्य स्वास्थ्य उपचार हेतु खरीदे गए स्वास्थ्य उपकरणों को दान किया। इसमें 20 बैड, 8 व्हील चेयर, 50 रक्तचाप मापने के उपकरण, 700 फेस शील्ड, 3 एसएस ट्रॉली, 800 एल्बो लेंथ ग्लोवज, 50 नस्ल फ्लो केन्वला, 50 कैथेरटर माउंट व 50 क्लोज्ड सर्किट कैथेरटर शामिल हैं।

राठौर ने कहा कि यह स्वास्थ्य उपकरण प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने पार्टी कार्यकताओं की ओर से दिये गए फंड से खरीदे है। जल्दी ही वह टांडा व नेरचौक मेडिकल कॉलेज को भी ऐसे ही स्वास्थ्य उपकरण भेंट करेंगे। राठौर ने बताया कि प्रदेश में कोविड 19 के चलते प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने एक आपदा कोष की स्थापना कर पार्टी नेताओं व कार्यकताओं से फंड एकत्रित किया था। इस दौरान कांग्रेस ने कोरोना प्रभावित लोगों की आर्थिक मदद के साथ-साथ राशन, मास्क, सेनेटाइजर का बड़े पैमाने पर निशुल्क वितरण किया। इस दौरान युवा कांग्रेस ने 35 दिनों तक गरीब व असहाय लोगों को पैकेट बन्द पका हुआ भोजन भी वितरित किया। उन्होंने पार्टी नेताओं व कार्यकर्ताओं का आभार प्रकट करते हुए कहा कि आज जो भी उपकरण स्वास्थ्य विभाग को उनकी ओर से भेंट किये गए है वह सब कांग्रेस पार्टी का सामूहिक प्रयास है।

इस दौरान उनके साथ स्वास्थ्य उपकरण खरीद कमेटी के अध्यक्ष कांग्रेस के बरिष्ठ नेता पूर्व मंत्री धनीराम शांडिल,शिमला जिला शहरी के अध्यक्ष जितेंद्र चौधरी,कांग्रेस सचिव यशपाल तनाईक, वेद प्रकाश ठाकुर,सुशांत कपरेट व कई अन्य पार्टी नेता व कार्यकर्ता मौजूद थे।

आइजीएमसी के चिकित्सा अधीक्षक जनकराज ने भी इन तमाम उपकरणों की सूची जारी करते हुए माना की कांग्रेस पार्टी की ओर से ये उपकरण अस्पताल को मिले है। उन्होंने इसके लिए पार्टी का आभार भी व्यक्त किया।

### भर्ती में धांधली का लगा आरोप

**मंडी:** द्रंग विधानसभा क्षेत्र के तहत आने वाले पधर जल शक्ति विभाग के तहत पैरा पंप आपरेटरों व फीटरों की नियुक्तियों को लेकर लोगों में कई तरह की शंकाएं हैं तथा इनमें मनमानी व धांधली किए जाने के आरोप लग रहे हैं। द्रंग के समाजसेवी रूप लाल ठाकुर ने इस बारे में मुख्यमंत्री को भेजे पत्र में कहा है कि जो परिणाम आए हैं उससे लगता है कि इसमें स्थानीय विधायक की भी अनदेखी की गई है तथा साक्षात्कार व चयन में मनमानियां की गई हैं।

# प्रदेश में है निराशा और भय का माहौल, जनता परेशान : अग्निहोत्री

## कहा, कोरोना से मौतों का बढ़ा आंकड़ा

धर्मशाला, 29 अक्तूबर (जनसत्ता)।



'प्रदेश में निराशा और भय के माहौल में जनता बेहद परेशान है।' यह कहना है नेता प्रतिपक्ष मुकेश अग्निहोत्री का। उन्होंने आज यहां एक बयान में कहा कि कोरोना काल के दौरान कोविड-19 महामारी से तीन सौ लोगों समेत प्रदेश में एक हजार से अधिक मौतें हुई हैं और जय राम सरकार उपलब्धियां गिनवाकर अपनी पीठ थपथपा रही है जबकि प्रदेश में मौतों का आंकड़ा लगातार बढ़ता जा रहा है।

अग्निहोत्री के मुताबिक बिजली के बिल, बस किराया, राशन के दाम बढ़ा दिए गए। भाजपा सरकार लोगों को प्रताड़ित करने में लगी हुई है। अब लोगों के बिजली के मीटर काटने के लिए अभियान शुरू कर दिया गया है। ऐसे आदेश किसने दिए कि संकट के वक्त बिजली कनेक्शन काट दिए जाएं। लोगों के पास बिजली के बिल अदा करने के लिए पैसे तक नहीं है और बोर्ड अधिकारी कनेक्शन काटने के फतवे जारी कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि आखिर सरकार के पास अब अल्लाद्दीन का कौन सा चिराग हाथ लग गया है जो पहले नही था। कोरोना काल में सरकार ने बेहतर इंतजाम किए होते तो आज मौतों का इतना बड़ा आंकड़ा सामने न आता। विपक्ष के नेता ने कहा कि लोगों पर भारी भरकम कर्जे हैं, नौकरियां छूट गई हैं, हर तरफ निराशा का माहौल है। सरकार बताए कि इतनी खुदकुशी आखिर क्यों हो रही हैं, क्यों लोगों को राहत नहीं दी जा रही है? इसके बावजूद अपने ऐशो-आराम पर सरकार भारी भरकम खर्च कर रही है तो दूसरी तरफ जनता बुरी तरह से त्रस्त है।

केन्द्रीय भण्डारण निगम
(भारत सरकार का उपक्रम)
निगमित कार्यालयः 4/1, सीरी इंस्टीच्यूशनल एरिया, अगस्त क्रान्तिमार्ग, हौजखास, नई दिल्ली-110016,
जन - जन के लिए भंडारण

निविदा सः के.भ.नि./नि.का.-इंजी./प्रैस नोट/2020-21 दिनांक: 29.10.2020

ई-टेण्डर आमंत्रण प्रैस सूचना

केन्द्रीय भंडारण निगम निम्नलिखित कार्य के लिए ठेकेदारों से ऑनलाइन टेण्डर आमंत्रित करता है।

| क्रम. सं० | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख रू. में) | टेण्डर ऑनलाइन भेजने तथा टेण्डर खोलने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 1. | केन्द्रीय भंडारगृह, नाभा बेस डिपो (पंजाब), पर चाहर-दीवारी (बाउड्रीवाल) के पुनः निर्माण से सम्बन्धित कार्य। | 343.89 | 24.11.2020 |

अनुबंध की शर्तें और ई-टेण्डर आमंत्रण सूचना सहित विस्तृत टेण्डर सूचना निगम की वेबसाइट www.cewacor.nic.inया ई-टेण्डर वेबसाइट www.cwceprocure.comअथवा सीपीपी पोर्टल http://eprocure.gov.in/epublish/app. से देखी और डाउनलोड की जा सकती हैं। इस टेण्डर सम्बंधी यदि कोई शुद्धिपत्र/परिशिष्ट होगा तो वह केवल उपरोक्त वेबसाइट पर प्रकाशित होगा। इसके लिए समाचार पत्र में कोई विज्ञापन जारी नहीं किया जाएगा।
मुख्या अभियंता(प्रभारी)

हिसार मेटल इंड़स्ट्रीज लिमिटेड
पंजीकृत कार्यालय: नियर इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट कॉलोनी, दिल्ली रोड, हिसार-125005 (हरियाणा)
ईमेल: info@hisarmetal.com, वेबसाइट: www.hisarmetal.com
फोन: (01662) 220067, 220367, 220738, फैक्स: (01662) 220265
सीआईएन: L74899HR1990PLC030937
सूचना
एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि सेबी (सूचीयन अनिवार्यताऐं एवं प्रकटीकरण अपेक्षाऐं) विनियमावली, 2015 के विनियम 47 के साथ पठित विनियम 29 के अनुसार, अन्य बातों के साथ-साथ, 30 सितम्बर, 2020 को समाप्त तिमाही और छमाही के लिए अनंकेक्षित वित्तीय परिणामों पर विचार और स्वीकृत हेतु कंपनी के निदेशक मंडल की बैठक मंगलवार, 10 नवम्बर, 2020 को आयोजित की जाएगी।
यह जानकारी कंपनी की वेबसाइट www.hisarmetal.com और स्टॉक एक्सचेंजों की वेबसाइट www.bseindia.com और www.nseindia.com पर भी उपलब्ध है।
कृते हिसार मेटल इंड़स्ट्रीज लिमिटेड
हस्ता/-
(विशेष कुमार चुघ)
कंपनी सचिव
स्थान: हिसार (हरियाणा)
दिनांक: 29 अक्टूबर, 2020

आरसी इंड़स्ट्रीज लिमिटेड
जी. कार्यालय एवं कार्यः 7वां के.एम बरवाला रोड, तलवंडी राना, हिसार-125001 (हरियाणा)
फोन न0.: 98120-20111, 98120-40111
ईमेल आईडी: arceeind@rediffmail.com,
सीआईएन: L29120HR1992PLC031681
सूचना
एतद्द्वारा सूचित किया जाता है, सेबी (सूचीयन अनिवार्यताऐं एवं प्रकटीकरण अपेक्षाऐं) विनियमावली, 2015 के विनियम 47 के साथ पठित विनियम 29 के अनुसार, अन्य बातों के साथ, 30.09.2020 को समाप्त तिमाही और छमाही के लिए अनंकेक्षित वित्तीय परिणामों पर विचार तथा मंजूरी हेतु निदेशक मंडल की बैठक बुधवार, 11 नवम्बर, 2020, को आयोजित की जाएगी।
कृतेः आरसी इंड़स्ट्रीज लिमिटेड
हस्ता/-
(सृष्टि)
कंपनी सचिव
स्थानः हिसार (हरियाणा)
दिनांकः 29.10.2020

HIMACHAL PRADESH, PUBLIC WORKS DEPARTMENT
"E-Procurement Notice"
Phone No: 01896-227054, E-mail: ee-tis-hp@gov.in
Invitation for Bids (IFB)

The Executive Engineer, Tissa HPPWD Tissa-176316 on H.P. on behalf of Governor of Himachal Pradesh, invites the items rate bids, in electronic tendering system from the eligible class of contractors registered with HPPWD for the works as detailed in the table:

| Sr. No. | Name of Work | Estimated Cost Rs. | Starting Date of Downloading | Earnest Money | Deadling for Submission of Bid | Time Limit | Eligible Class |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | C/o 33.50 Mtrs Span Steel truss Bridge over Kangela Nallah on Nakrot Tikrigarh Bagheigarh road at RD 13/340 (SH: Bridge Portion including wing walls and approaches) | 9989030.00 | 04.11.2020 | 135200.00 | 18.11.2020 upto 11.00 AM | 18 Months | A & B |
| 2 | C/o 1 No. Type-IV Quarter for Assistant Engineer at Nakrot in Tehsil Churah Distt Chamba | 879854.00 | 04.11.2020 | 18000.00 | 18.11.2020 upto 11.00 AM | 9 Months | C & D |
| 3 | Routine Maintenance of Kiani Rajnjagar Chakloo road KM 0/0 to 13/260 under Performance based maintenance contract for the year 2020-21 | 1550184.00 | 04.11.2020 | 31100.00 | 18.11.2020 upto 11.00 AM | One Year | C & D |

The bidders are advised to note other details of tenders from the department website www.hptenders.gov.in 4027/HP

**अद्भुत** सभी देवी-देवता भरेंगे रघुनाथ जी के अस्थाई कैंप में हाजरी

# ...आज देव मिलन का साक्षी बनेगा ढालपुर मैदान

कुल्लू, 29 अक्तूबर (जनसत्ता)।

विश्व के सबसे बड़े देव महाकुंभ अंतरराष्ट्रीय कुल्लू दशहरा पर्व में शुक्रवार को ढालपुर का मैदान देव मिलन का साक्षी बनेगा। सभी देवी-देवता रघुनाथ जी के अस्थाई कैंप में जाकर हाजरी भरेंगे। यही नहीं, इस बार सिर्फ सात देवी-देवता ही याहं विराजमान हैं लेकिन बावजूद इसके जिले के अन्य देवी देवता पुष्प के रूप में यहां अपनी हाजरी दर्ज कर रहे हैं।

इन सभी देवी-देवताओं की रघुनाथ जी के रजिस्टर में बकायदा एंट्री होने के बाद अठारह करड़ू देवी-देवताओं का देव मिलन होगा। इस देव महामिलन को मुहल्ला कहते हैं। हालांकि इस बार रथ या पालकी के रूप में कम ही देवता मुहल्ले में भाग ले पाएंगे और अन्य देवी-देवता पुष्प के रूप में हाजिर रहेंगे लेकिन परंपरा का निर्वाह पहले की तरह ही होगा। इसके पश्चात देवी-देवताओं के दशहरा पर्व में शुक्रवार शाम को रघुनाथ के दरबार में शक्ति का आह्वान होगा।

देवी हिडिंबा माता फूलों का गुच्छा



कुल्लूः भगवान रघुनाथ जी का श्रंगार करते रघुनाथ जी के छड़ी बरदार राजा महेश्वर सिंह। फोटो : आकिल खान

जिसे शेश कहा जाता है मिलने पर ही मुहल्ला पर्व शुरू होगा। मुहल्ला पर्व में ही देवी-देवता रघुनाथ जी के रथ पर हाजिरी भरेगें और रघुनाथ के पुजारी रथ पर बैठकर बाकायदा देवताओं के नाम रजिस्टर में दर्ज करेगें। सबसे पहले हिडिंबा देवी का नाम दर्ज होता है। देवी-देवता राजा की चानणी के पास भी हाजरी देते हैं। देवी-देवताओं से लिया गया शेश राज गद्दी पर रखा जाएगा तथा राजा अपनी राजगद्दी को छोड़कर साधारण कुर्सी पर बैठेगें, तत्पश्चात ही शक्ति का आह्वान होता है। परंपरा के अनुसार शक्ति रूपी ब्राह्मण रघुनाथ जी के समक्ष शेर की सवारी में नंगी तलवार से नाचते हुए अढ़ाई फेरे लगाती है। इस दिन लंका पर विजय के लिए शक्ति से रक्षा की अपील की जाती है।

जहां पूरे विश्व में दशहरा पर्व समाप्त होता है तो वहीं कुल्लू में यह शुरू होता है। इसके पीछे यह धारणा है कि रावण पूर्णिमा के दिन मारा गया था। इसलिए कुल्लू का दशहरा पूर्णिमा से सात दिन पहले शुरू होता है और सातवें दिन लंका दहन में रावण को परंपरा अनुसार भेदा जाता है। इसके चलते छठे दिन कुल्लू के समस्त देवी-देवता रावण का सफाया करने के लिए मुहल्ला में एकत्र होगें और शक्ति का आह्वान करके सातवें दिन लंका पर चढ़ाई करेगें।